# ‘एक्सीलेसं अवार्ड 2025’ मे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सॉफ्ट हॉकी खिलाड़ियों का सम्मान, दिया कुमारी रहीं मुख्य अतिथि।

Published on 28 May 2025 | By Samachar Wani Correspondent




## जयपुर मे आयोजित समारोह मे खेल प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित, फेडरेशन ने खेलों को प्रोत्साहित करने की दिखाई नई राह।

सवांदाता,जयपुर,राजस्
थान

**जयपुर,राजस्थान : एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया** द्वारा आज जयपुर में आयोजित ‘**एक्सीलेसं अवार्ड 2025**’ समारोह में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस गरिमामय आयोजन में **राजस्थान की उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी मुख्य अतिथि** के रूप में शामिल हुईं और खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

**कार्यक्रम का उद्देश्य और महत्व**

इस सम्मान समारोह का प्रमुख उद्देश्य देश-प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और भावी पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रेरित करना था। **एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन** द्वारा यह एक ऐसा मंच प्रदान किया गया, जो प्रतिभाओं को मान्यता देता है और खेल संस्कृति को सशक्त बनाने में योगदान करता है।

**कौन-कौन रहे उपस्थित?**

इस अवसर पर कई **प्रतिष्ठित व्यक्तित्व मंच पर मौजूद रहे,** जिनमें प्रमुख हैं:

१. **श्री जोगेश्वर गर्ग, मुख्य सचेतक, राजस्थान विधानसभा**
२. **श्री चंद्रशेखर दुबे, राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी, भारतीय किसान संघ**
३. **श्री आशुतोष पंत, अध्यक्ष, एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया**
४. **श्री संदीप सिंह, आईजी, होमगार्ड**
५. **प्रो. अमेरिका सिंह, कुलपति, विक्रांत यूनिवर्सिटी**
६. **श्री गजेद्रं सिंह राठौड़, वाइस चेयरमैन, फेडरेशन**
७. **श्री राज दीपक, पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय**

८. **श्री गोपाल सैनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, क्रीड़ा भारती**
९. **सॉफ्ट हॉकी के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी**

**अन्य गणमान्य अतिथिगण**

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने क्या कहा ?

**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी** ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा:"खिलाड़ियों का सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे देश का सम्मान है। हमें गर्व है कि हमारे युवा प्रतिभाशाली हैं और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का परचम लहरा रहे हैं। सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव सहयोग करेगी।"

**खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणादायक क्षण**

इस आयोजन ने न सिर्फ खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि खेल केवल जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का भी एक मजबूत स्तंभ हैं। फेडरेशन के अध्यक्ष आशुतोष पंत ने बताया कि भविष्य में इस तरह के और आयोजन किए जाएंगे, जिससे सॉफ्ट हॉकी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: THE VIEWS/CONTENTS EXPRESSED/PRESENTED HEREIN, WITHIN THIS ADVERTORIAL AND PROMOTIONAL FEATURE ARE THE SOLE AND EXCLUSIVE RESPONSIBILITY OF INDIVIDUAL CLIENTS/EXPERT/THEIR AUTHORISED REPRESENTATIVE/PUBLISHER, TO WHICH EFFECT, PUBLICATION HOUSE/ITS REPRESENTATIVES/AFFILIATES ARE NOT RESPONSIBLE/LIABLE WHATSOEVER.